## कैबिनेट मंत्री व अन्य मंत्रियों से शिष्टाचार भेंट



**पानसेमल।** विधायक श्याम बर्डे ने कैबिनेट मंत्री के साथ भोपाल में कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की एवं उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इसके बाद उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके से मिलकर पानसेमल विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शेष बचे गांवों को जोड़ने की मांग की ओर नल-जल योजनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। वहीं जनजातीय कार्य विभाग मंत्री कुंवर विजय शाह से भी सौजन्य भेंट की एवं पानसेमल विधानसभा क्षेत्र के हित में भवन-विहीन विद्यालयों तथा अत्यंत जीर्ण-शीर्ण विद्यालय भवनों के नवीन निर्माण की आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की एवं शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया।

## आईसी टीम ने समझाईश देकर किया जागरूक



**बड़वानी।** शासन के निर्देशानुसार और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में शहरी स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। 1 दिसंबर 2025 से 3 जनवरी 2026 तक चलाया जा रहे इस अभियान के अन्तर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमें के आयोजन किए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियां देकर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता के प्रति शपथ भी दिलाई जा रही है। नगर पालिका से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान अंतर्गत सिंगलयूज प्लास्टिक बैन जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शहर 4 दिसम्बर को आईसी टीम द्वारा स्थित दुकानों, ठेलों पर तथा डोर टू डोर जाकर समझाईश दी गई। जिसमें उन्होंने बताया कि सिंगलयूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, इसके स्थान पर कपड़े या जूट की थैली का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

## 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन की सफलता

**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत जिले में 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का लक्ष्य समय-सीमा में सफलतापूर्वक हासिल करने पर सभी को धन्यवाद व बधाई दी। उन्होंने सभी ईआरओ, एईआरओ बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), कर्मचारियों और संबंधित अधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। जयति सिंह ने कहा कि बीएलओ के जमीनी स्तर पर अथक परिश्रम के कारण ही मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य समय पर पूरा हो सका है। इस शतप्रतिशत डिजिटलाइजेशन से आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में सुगमता आएगी और मतदाताओं को अपनी जानकारी ऑनलाईन जांचने तथा त्रुटि सुधारने में मदद मिलेगी, जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक बड़ा कदम है।

एक नजर में

## मनोनीत बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की बैठक



महू. केजी महेश्वरी नगर मंडल के वार्ड - 2 में भाजपा संगठन द्वारा मनोनीत बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं की एसआईआर समन्वय बैठक संपन्न हुई. बैठक में भाजपा इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, नगर मंडल अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, वरिष्ठ प्रचारक अशोक यादव, मंडल महामंत्री प्रकाश खंडेलवाल, स्व. भेरूलाल पाटीदार मंडल के कोषाध्यक्ष विजय यादव, मंडल उपाध्यक्ष पूनम अग्रवाल, नगर मंडल मंत्री विपुल जैन आदि उपस्थित हुए. उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा बैठक का शुभारंभ दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया. बैठक में सभी बूथ अध्यक्षों एवं बीएलओ 2 से एसआईआर के संदर्भ में आगामी योजना पर चर्चा की गई. बैठक में मनीष जैन, तनवीर अहमद, राजेश पांचाल, मुकेश पटेरिया, राहुल रामबाबू शर्मा, दीपेश शर्मा, अतुल बबला बॉथम, विशेष प्रजापति, तरुण सोनी, ऋतिक कुसुमले, सुयश जैन, संजय जायसवाल, मानस गुप्ता आदि उपस्थित हुए. संचालन अधिवक्ता अंकित विक्की परदेशी ने किया. आभार अतुल बबला बॉथम ने माना.

## 10 बूथों का एसआईआर कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण



महू. बीएलओ सुपरवाइजर मनीष अग्रवाल ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अपने सभी 10 बूथों पर पूरी लगन मेहनत और समर्पण के साथ उत्कृष्ट कार्य करते हुए सर्वप्रथम 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है. इस दौरान एसडीएम महू राकेश परमार, मानपुर टप्पा तहसीलदार दिलीप द्विवेदी, महू तहसीलदार विवेक सोनी, निर्वाचन प्रभारी ऋषिराज मुनिया के मार्गदर्शन में बीएलओ सुपरवाइजर मनीष अग्रवाल ने महू तहसील निर्वाचन शाखा के सहयोगी सुभाष निनामा, अनमोल मिश्रा, अंकिता पोरवाल के सहयोग से महू तहसील परिवार की ओर से मनीष अग्रवाल को बहुत-बहुत बधाई दी. उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# पट्टा वितरण की हुई घोषणा

### सक्रिय हुए भू-माफिया, सरकारी जमीनों पर कब्जे बढ़े, गरीबों के लिए बनी योजना पर दलालों की

**बड़वानी, (नवभारत)।** मुख्यमंत्री द्वारा 31 दिसंबर 2020 तक सरकारी भूमि पर निवासरत भूमिहीन गरीबों को आवासीय पट्टे देने की घोषणा के बाद जिले के नगरीय निकायों में हलचल बढ़ गई है। नगरपालिका बड़वानी सहित अन्य नगर परिषद क्षेत्रों में सर्वे दल का गठन कर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना का उद्देश्य भूमिहीन गरीबों को राहत देना है, लेकिन इसके साथ ही भू-माफिया और दलाल सक्रिय हो गए हैं, जो सरकारी जमीनों पर कब्जा कर पट्टा दिलाने के नाम पर खेल शुरू कर चुके हैं। घोषणा होते ही जिले में कई स्थानों पर नई कब्जेदारियां बढ़ने की शिकायतें सामने आने लगी हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि योजना गरीबों के हित में है, लेकिन दलालों और राजनीतिक प्रभाव वाले कुछ लोग इस प्रक्रिया का फायदा उठाने की कोशिश में जुट गए हैं।

#### 29 दिसम्बर को जारी होगी सूची

जिले की सभी नगरपालिकाओ और नगर परिषदों में अब तक 50 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। गठित सर्वे दल को ये निर्देश दिए गए हैं कि वे 13 दिसंबर तक तथ्यात्मक सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके बाद 29 दिसंबर को पात्रता सूची जारी होगी, जबकि 4 जनवरी को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को आवासीय पट्टों का वितरण किया जाएगा। शासन के नियमों के अनुसार पट्टा केवल उन्हीं लाभार्थियों को दिया जाएगा। जो नगरपालिका/नगर परिषद की सरकारी भूमि पर निवासरत हैं। 31 दिसंबर 2020 की स्थिति में भूमि पर कब्जा रखते हैं। वहीं वास्तविक रूप से निवास कर रहे हैं और जिनके नाम या परिवार के किसी सदस्य के नाम पर कोई अन्य मकान या भूमि नहीं है। ऐसे पात्र हितग्राहियों को अधिनियम के प्रावधान अनुसार निःशुल्क आवासीय पट्टे दिए जाएंगे।

#### सर्वेक्षण टीम का गठन

सर्वे कार्य के लिए अनुविभागीय अधिकारी भूपेंद्र रावत द्वारा दल गठित किया गया है। इसमें तहसीलदार हितेंद्र भावसार को नोडल नायब तहसीलदार बाबुसिंह निनामा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। टीम में राजस्व निरीक्षक वीके पाडेय दल प्रभारी हैं, जबकि पटवारी दिलीप पटेल, उपयंत्री मुन्नालाल चौहान, राजस्व उपनिरीक्षक बलीराम मंडलोई, पावर मुझाल्दे, बलदेवसिंह ठाकुर, निखिल रेवाल, अशोक मोहार, रामकरण डावर सहित अन्य कर्मचारियों को शामिल किया है।

#### टीम कर रही सर्वे

ये टीम वार्ड 13 से 24 तक ऐसे लोगों का सर्वे कर रही है, जो शासकीय या नगरपालिका भूमि पर निवास करते हैं और पट्टा पाने की पात्रता रखते हैं। रिपोर्ट 13 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाएगी।

#### आवेदन जमा हो रहे हैं

शासन से निर्देश प्राप्त होने के बाद राजस्व और नगरपालिका की संयुक्त टीम सर्वे कार्य में जुटी है। पात्र हितग्राहियों के आवेदन नगर पालिका कार्यालय में निरंतर जमा किए जा रहे हैं। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्रथम पात्रता सूची जारी की जाएगी।

-बलदेवसिंह ठाकु, पीएम आवास योजना प्रभारी एवं उपयंत्री बड़वानी

#### प्रक्रिया शुरू कर दी गई

- सर्वे दल का गठन कर शुरू कर दी गई है प्रक्रिया।
- 50 से अधिक आवेदन प्राप्त।

## गर्भवती महिलाओं के लिए नि :शुल्क सोनोग्राफी सेवा



**सेंधवा, (नवभारत)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना और राष्ट्रीय मातृत्व सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिविल अस्पताल सेंधवा में निःशुल्क सोनोग्राफी सेवा निरंतर जारी है। जिला बड़वानी कलेक्टर के निर्देशानुसार गर्भावस्था के दौरान संभावित जटिलताओं का समय रहते चिन्हांकन कर उनका निर्धारित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा रहा है।

योजना के तहत प्रतिमाह 9 और 25 तारीख को जिला चिकित्सालय बड़वानी के स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ रितेश काग द्वारा सोनोग्राफी की जाती है। वहीं हर माह के प्रथम और तृतीय बुधवार को श्री नारायणदास अस्पताल सेंधवा की स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका दिवाकर द्वारा जांच सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

**प्रथम और तीसरे बुधवार तथा हर माह की 9 और 25 तारीख को उपलब्ध रहेगी सेवा**

इसी क्रम में 4 दिसंबर 2025 को सिविल अस्पताल सेंधवा में 13 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच संपादित की गई। बीएमओ डॉ कनेल ने जानकारी देते हुए बताया कि निःशुल्क सोनोग्राफी सेवा माह के प्रथम और तीसरे बुधवार तथा हर माह की 9 और 25 तारीख को उपलब्ध रहेगी।

## मौसमी इन्फ्लूएंजा से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी

**बड़वानी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेखा जमरे ने मौसम में बदलाव को देखते हुए संभावित श्वसन संबंधी बीमारियों और मौसमी इन्फ्लूएंजा की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिले के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। इन्फ्लूएंजा एक मौसमी संक्रमण है, जिससे बचाव के लिए व्यक्तिगत सतर्कता आवश्यक है। नागरिकों से अपील है कि वे इन स्वास्थ्य निर्देशों का पालन करें।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद आदिवासी युवती से दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन का दबाव

**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा, 05 दिसम्बर**

सेंधवा में एक युवती को सोशल मीडिया से परिचय बढ़ाने वाले युवक ने बहला-फुसलाकर देवास ले जाकर दुष्कर्म किया। युवती पर शादी और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हुए लगातार प्रताड़ित किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया।

#### इंस्टाग्राम परिचय के बाद घटना बनी गंभीर

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान इंस्टाग्राम पर



सेंधवा के खलवाड़ी मोहल्ला निवासी तौसीफ पिता नौशाद खान से हुई। बातचीत बढ़ने के बाद 23 नवंबर को तौसीफ ने उसका एक झूठा वीडियो बनाया, जिसमें उसे अपनी मर्जी से घर से जाने की बात कहने को मजबूर किया, ताकि शिकायत होने पर कार्रवाई न हो सके।

#### देवास ले जाकर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन का दबाव

पीड़िता के अनुसार 24 नवंबर को तौसीफ उसे बाइक से देवास ले गया और एक दोस्त के खाली मकान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने शादी का दबाव डालते हुए जबरन धर्म परिवर्तन करने की प्रताड़ना दी। उसने कहा कि शादी के बाद उसे मुस्लिम बनना पड़ेगा, बुर्खा पहनना होगा और नमाज पढ़नी होगी। पीड़िता को देवास में आरोपी की बहन के घर भी एक दिन रखा गया।

25 नवंबर को आरोपी ने पीड़िता को इंदौर से सेंधवा लाकर छोड़ दिया और भाग गया। इस दौरान उसकी दूसरी बहन भी साथ थी। पीड़िता तबीयत खराब होने के कारण सेंधवा शहर थाने पहुंची, जहां से उसे वन स्टॉप सेंटर बड़वानी भेजा गया।

#### माता-पिता की वापसी के बाद केस दर्ज

2 दिसंबर को माता-पिता महाराष्ट्र से लौटे और युवती को वन स्टॉप सेंटर से सेंधवा लाए। पूरी घटना बताने के बाद बुधवार को शहर थाना पहुंचकर तौसीफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

#### आरोपी को किया राउंडअप

जांच अधिकारी एसआई संतोष पाटीदार ने बताया कि तौसीफ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 64(1), अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 3(2)(1), 3(1)(2)(द्व) तथा मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2020 की धारा 3, 5 के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी को राउंडअप कर लिया गया है।

## 9 साल इंतजार के बाद महिला ने एक साथ दिया चार बच्चों को जन्म

- क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल में सभी नवजात पीआईसीयू में निगरानी में

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल में मंगलवार को एक अद्भुत मामला सामने आया है. यहां सहयोग नगर निवासी 29 वर्षीय शबनम ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है. शादी के करीब 9 साल बाद घर में एक साथ आई चार गुना खुशियों से



पूरा परिवार भावुक हो गया. नवजातों में तीन बच्चियां और एक बच्चा है.

चिकित्सक डॉ. रितेश पालिया ने बताया कि प्रसव की स्थिति काफी नाजुक थी, इसलिए टीम को विशेष सावधानी बरतनी पड़ी. सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. फरहत पठान ने सिजेरियन प्रक्रिया के जरिए यह डिलीवरी सुरक्षित तरीके से करवाई. इस सफलता से अस्पताल का स्टाफ भी काफी उत्साहित है. चारों नवजातों का वजन सामान्य से कम है. तीन बच्चों का वजन लगभग एक-एक किलो और एक का वजन करीब 750 ग्राम है. ऐहतियातन इन्हें लगातार मॉनिटरिंग पर रखा है. इनमें से दो नवजातों की स्थिति कमजोर होने पर उन्हें डॉल्फिन हॉस्पिटल रेफर कर दिया है.

## गरीबों के राशन की कालाबाजारी उजागर 4 पर प्रकरण दर्ज

**इंदौर.** जंबुड़ी हप्सी और अरिहंत नगर में पीडीएस के गेहूं-चावल के अवैध भंडारण का खुलासा होने के बाद गांधी नगर पुलिस ने खाद्य विभाग की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाले चावल और गेहूं की कालाबाजारी के मामले में गांधी नगर पुलिस ने चार लोगों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है. कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राहुल शर्मा की शिकायत पर दर्ज केस में राजेश वर्मा निवासी जंबुड़ी हप्सी, मुतुर्जा खान निवासी जूना रिसाला, सोनू राजपूत निवासी अरिहंत नगर और हेमराज यादव निवासी संत मार्ग को आरोपी बनाया है.

## खाद न मिलने पर किसान ने की तोड़फोड़, कर्मचारी को पीटा

इंदौर. ग्राम पलासिया की सेवा सहकारी संस्था में खाद देने से मना किए जाने पर एक किसान भड़क उठा और कर्मचारी से मारपीट करते हुए कार्यालय में तोड़फोड़ कर दी. मामले में पुलिस जांच कर रही है. क्षिप्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पलासिया स्थित सेवा सहकारी संस्था में एक किसान ने खाद न मिलने पर हंगामा खड़ा कर दिया. पुलिस के अनुसार, आरोपी महेंद्र सिंह निवासी मंडलावदा ने विवाद के दौरान संस्था कर्मचारी अभिषेक सिंह से गाली-गलौज की और मना करने पर मारपीट की. इसमें अभिषेक के चेहरे और कान के नीचे चोटें आई. आरोपी ने कार्यालय में तोड़फोड़ कर फरियादी का मोबाइल भी तोड़ दिया.

## पिता की जगह बेटे को 30 घंटे हिरासत में रखने पर हाईकोर्ट सख्त

- पॉक्सो केस में चंदन नगर थाना की कार्रवाई पर सवाल
- हाईकोर्ट ने वीडियो के साथ टीआई को किया तलब

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में पॉक्सो एक्ट के एक मामले में चंदन नगर पुलिस की कार्यप्रणाली कटघरे में है. आरोप है कि नाबालिग से शारीरिक शोषण के आरोपी रियल एस्टेट कारोबारी को पकड़ने के बजाय पुलिस ने उसके इंजीनियर बेटे को अवैधानिक रूप से करीब 30 घंटे थाने में बैठाए रखा. इस दौरान उसे हथकड़ी भी पहनाई गई, जबकि उसका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है और न ही वह



आरोपी है. हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए चंदन नगर थाना प्रभारी को 4 दिसंबर को संबंधित अवधि के सीसीटीवी फुटेज सहित तलब किया है.

एक नाबालिग लड़की की शिकायत पर पुलिस ने 12 नवंबर को रियल एस्टेट कारोबारी 62 वर्षीय संजय दुबे के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था. पुलिस अब तक आरोपी का पता नहीं लगा सकी. आरोप है कि दबाव बनाने के लिए पुलिसकर्मियों ने खुद को क्राइम ब्रांच का बताकर 27 नवंबर की रात संजय के 32 वर्षीय इंजीनियर बेटे राजा को हिरासत में ले लिया और लगभग डेढ़ दिन थाने में बैठाए रखा. परिजनों का आरोप है कि हिरासत के दौरान राजा को हथकड़ी लगाई गई और प्रताड़ित किया.


**परिवार पहुंचा हाईकोर्ट, पेश किए फोटो और वीडियो**-इस पर राजा के साले आकाश तिवारी ने एडवोकेट नीरज सोनी के माध्यम से 28 नवंबर को हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की और पुलिस कमिश्नर को भी शिकायत भेजी. दुबे परिवार ने थाने में राजा को बैठाए रखने और हथकड़ी लगाए जाने के फोटो-वीडियो जुटाए, जिन्हें हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया.

#### हाईकोर्ट में सुनवाई की भनक लगते ही छोड़ दिया

28 नवंबर को हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में हुई पहली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार के वकील को केस की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए. इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने राजा को रिहा कर दिया. 2 दिसंबर को हुई अगली सुनवाई में जांच अधिकारी संध्या निगम कोर्ट में हाजिर हुई. कोर्ट ने पूछा कि पूछताछ के नाम पर किसी व्यक्ति को 30 घंटे तक कैसे बैठाए रखा जा सकता है. इस पर उन्होंने कहा कि वे उस दिन अवकाश पर थीं और विस्तृत जवाब थाना प्रभारी ही दे सकते हैं. कोर्ट ने चंदन नगर थाना प्रभारी को 4 दिसंबर को पेश होकर पूरे 30 घंटों के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने का आदेश दिया है. कोर्ट ने राज्य सरकार के वकील को भी इसे सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.

**एक नजर में** जिस गति से काम किया जा रहा है, उसे देखकर नहीं लगता तय समय में स्टेशन का कायापलट हो सकेगा

## बेहद धीमी गति से चल रहा है स्मार्ट रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य





**इंदौर. स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को मद्देनजर रखते हुए शहर की कई पुरानी इमारतों का नवीनीकरण किया जा रहा है, वहीं रेलवे स्टेशन का भी कायापलट कर उसे आधुनिक बनाया जा रहा है, लेकिन कार्य की धीमी गति को देखते हुए लगता नहीं कि तय समय अवधि में यह काम पूरा हो सकेगा.**

इंदौर रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म नंबर एक पर बनी इमारत का भी नवीनीकरण करने का कार्य शुरू हो चुका है. पहले चरण में देखने में आ रहा है कि जहां पार्सल कार्यालय और पार्किंग थी, उसे तीन माह पहले हटा दिया गया था. इस स्थान पर नया भवन बनाया जा रहा है. बताया तो यह भी जा रहा है कि इसी भवन के नीचे तलघर में पार्किंग सुविधा रखी जाएगी. वर्तमान में फिलहाल यहां अभी तो सिर्फ जमीन का लेवल ही हो पाया है. न तो पिल्लर खोदे गए न ही कोई खुदाई कार्य किया गया. यह भी बात सामने आई है कि फरवरी में मुख्य द्वार को भी हटाया जाएगा, जिसके बाद स्टॉफ और यात्री स्थान लक्ष्मीबाई स्टेशन पर शिफ्ट कर दिया जाएगा, यह सही तो है, लेकिन कार्य गतिहीन दिखाई दे रहा है. ऐसे में लक्ष्मीबाई स्टेशन तक जाने-आने में यात्रियों को कई परेशानियां उठानी पड़ेंगी.

#### यह बोले जागरूक युवा...



जब कोई योजना बनाई जाती है तो उसका बजट आवंटित होकर खजाने में जमा हो जाता है. जब बजट है तो कार्य में गति क्यों नहीं है. इससे सवाल उठना लाजिमी है. बिना कारणधीमी गति से कार्य में जरूरत से ज़्यादा पैसा बर्बाद होता है.

**- खुश निगम**



कार्य अच्छा हो रहा है, लेनिक इसी स्थान पर यात्रियों के लिए कोई विकल्प होना चाहिए, क्योकि पुराना रेलवे स्टेशन शहर के बीचों-बीच है, जिससे चारों तरफ के लोगों को सुविधा रहती है.

**- आसिफ कुरैशी**



जब यात्रियों को मेन स्टेशन से लक्ष्मीबाई स्टेशन जाना पड़ेगा तो रिक्शा चालकों की मानमानी बढ़ जाएगी. रेल किराए से ज़्यादा आटो का पैसा लगेगा और मिल क्षेत्र रात्रि में रेल से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए सुरक्षित नहीं है.

**- मुकेश वर्मा**